भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 2979
29 **मार्च, 2022 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

हिप्पोक्रेटिक शपथ के स्थान पर चरक शपथ

2979 **श्री कुमार केतकर:**
श्रीमती रजनी अशोकराव पाटिल:
श्रीमती फूलो देवी नेतम:
श्री जॉन ब्रिटास:
श्री जी.सी. चंद्रशेखर

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार हिप्पोक्रेटिक शपथ को चरक शपथ से परिवर्तित करने की मंशा रखती है;

(ख) क्या यह सच है की राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग ने हिप्पोक्रेटिक शपथ के स्थान पर चरक शपथ का प्रस्ताव रखा है;

(ग) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा और इसका औचित्य क्या है;

(घ) क्या सरकार ने इस प्रस्ताव के विरोध पर चर्चा करने के लिए भारतीय चिकित्सा संघ (आईएमए) के प्रतिनिधियों से मुलाकात की है; और

(ङ) यदि हां,तो ऐसी बैठक की तारीख, उपस्थित सरकारी प्रतिनिधि,चर्चा की कार्यसूची और परिणाम सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ. भारती प्रविण पवार)

(क) से (ङ): जैसा कि राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) द्वारा सूचित किया गया है, हिप्पोक्रेटिक शपथ को चरक शपथ से परिवर्तित करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

*****